# बैंक ऑफ महाराष्ट्र को आरसेटी के लिए "श्रेष्ठ निष्पादन बैंक अवार्ड"




**पुणे, 19 दिसंबर, 2019:** बैंक ऑफ महाराष्ट्र को ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में 19 दिसंबर, 2019 को आयोजित भव्य समारोह में वर्ष 2018-19 के लिए आरसेटी हेतु श्रेष्ठ निष्पादन बैंक अवार्ड प्राप्त हुआ।

बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री हेमन्त टम्टा ने कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, भारत सरकार के माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के कर-कमलों से आरसेटी हेतु श्रेष्ठ निष्पादन बैंक अवार्ड प्राप्त किया। कार्यक्रम में श्री ए. डी. चव्हाण, मुख्य प्रबंधक, ग्रामीण विकास, बैंक ऑफ महाराष्ट्र भी उपस्थित थे।

बैंक द्वारा लघु व्यवसाय उद्यमों के माध्यम से स्व-रोजगार हेतु कौशल प्रदान करने के लिए महिलाओं और ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण देने हेतु सात ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थानों के स्थापना की गई है। ये सभी आरसेटी महाराष्ट्र राज्य के विभिन्न स्थानों यथा पुणे, ठाणे, नासिक, औरंगाबाद, जालना, अमरावती और नागपुर में स्थित हैं। सभी सात आरसेटी को वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए "एए" श्रेणी मानक के साथ पुरस्कृत किया गया है।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा ऋण उपलब्ध कराने हेतु आरसेटी प्रशिक्षित उम्मीदवारों के लिए नई ऋण लिंकेज योजना की शुरुआत की गई है, जिसका कार्यान्वयन आरसेटी द्वारा बैंक के अंचल कार्यालयों के साथ समन्वय कर किया जाएगा।

बैंक द्वारा हमारे आरसेटी के सभी संबंधित सातों जिलों के सूखाग्रस्त गावों/ ब्लाकों के किसानों के परिवार के बेरोजगार युवाओं हेतु "महाशेतकरी आत्मनिर्भर योजना (एमएवाई)" की शुरुआत भी की गई है। इस योजना के अंतर्गत युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए आवश्यकता आधार पर स्व-रोजगार हेतु संभावनापूर्ण गतिविधियों का चयन किया गया है। इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित उम्मीदवारों को बैंक द्वारा ऋण की तत्काल मंजूरी प्रदान की जाती है।